न्यायालय उपखण्ड अधिकारी, गढ़ी (राज0)

पीठासीन अधिकारीः हनुमान सिंह राठौड़

प्रकरण संख्याः 144 / 2021

उनवान

(1) जीतमल पिता केसु लबाना जाति लबाना निवासी मोर तहसील गढी जिला बांसवाडा

—: प्रार्थीगण

बनाम

(1) रणु पिता श्री देवचन्द्र लबाना जाति लबाना निवासी करकडिया मोहल्ला मोर तहसील गढी।
(2) सोमा पिता रणु लबाना जाति लबाना निवासी करकडिया मोहल्ला मोर तहसील गढी।
(3) तहसीलदार, गढ़ी जिला बांसवाड़ा।

—: अप्रार्थीगण

प्रार्थना—पत्र अन्तर्गत धारा 128 — भू—राजस्व अधिनियम

निर्णय

दिनांकः 28.3.2022

संक्षिप्त में तथ्य इस प्रकार हैं कि प्रार्थी के स्वामीत्व एवं आधिपत्य की भूमि खाता सख्यां 189 (नया) 175 (पुराना) जिसके सर्वे नम्बर 2762, 2763, 2764, 2765 वाके गांव मोर पटवार हल्का मोर तहसील गढी जिला बांसवाडा में स्थित होकर उक्त वर्णित सर्वे नम्बर की भूमि के समिप अप्रार्थी संख्या 01 एवं 02 की भूमि स्थित हो कर प्रार्थी की उक्त सर्वे नम्बर की भूमि की कोई सीमा चिन्ह नहीं है जिसका नाजायाज रूप से फायदा अप्रार्थी संख्या 01 एवं 02 द्वारा उठाया जाने से विवाद उत्पन्न हो रहा है उक्त भूमि की सीमाज्ञान कर विवाद के समाधान हेतू प्रार्थना—पत्र तहसीलदार साहब गढी के समक्ष प्रस्तुत किया गया तत्पश्चात तहसीलदार साहब गढी के निर्देशन पर भू.अ.नि. मेतवाला एवं टिम द्वारा सीमाज्ञान कीया गया जिससे प्रार्थी असंतुष्ट रहा एवं प्रार्थी द्वारा भू—राजस्व अधिनियम की धारा 128 के तहत पत्थरगढी हेतू प्रार्थना—पत्र पेश किया गया।

प्रार्थी का उक्त प्रार्थना—पत्र स्विकार किया जाकर अप्रार्थीगण के नाम सम्मन जारी किये गये अप्रार्थीगण की ओर से अभिभाषक श्री पवन लुहार का प्रार्थना—पत्र का वकालतनामा पेश हुआ श्री पंचाल द्वारा जवाव हेतू समय चाहा । अप्रार्थीगण को जवाब हेतू कई अवसर दिये जाने पर भी अप्रार्थीगण द्वारा जवाब प्रस्तुत नहीं किया गया अप्रार्थीगण का जवाब बन्द किया गया। प्रार्थी अभिभाषक की बहस सुनी गई । प्रार्थी अभिभाषक द्वारा अपनी बहस में बताया गया कि उक्त भूमि के सीमाज्ञान हेतू पर्वू में प्रार्थी द्वारा तहसीलदार गढी के समक्ष प्रार्थना—पत्र प्रस्तुत किया गया जिसके क्रम मे भू.अ.नि मेतवाला एवं उनकी टीम द्वारा सीमा ज्ञान किया गया एवं मौका पर्चा तैयार किया गया लेकिन प्रार्थी इस सीमा ज्ञान से सन्तुष्ट नहीं होने से प्रार्थी द्वारा न्यायालय के समक्ष प्रार्थना—पत्र प्रस्तुत किया।

Signature Not Verified

Digitally signed by Hanuman Singh Rathore
Date: 2022.04.22 12:16:13 IST
Reason: SelfAttested

पत्रावली का अवलोकन किया गया पत्रावली में वर्णित भू.अ.नि. मेतवाला द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट एवं मौका पर्चा का अवलोकन किया गया । अवलोकन से किस प्रकार के सीमा विवाद की जानकारी प्राप्त नहीं होती है लेकिन भू.अ.नि. मेतवाला की रिपोर्ट का अवलोकन से यह भी ज्ञात होता है उक्त रिपोर्ट स्पष्ट रूप से तैयार नहीं की गई हैं।

उपखण्ड अधिकारी
गढ़ी, जिला बांसवाडा

Scanned by CamScanner

अतः तहसीलदार गढी को निदेर्शित किया जाता है कि पटवार हल्का मोर के मोजा मोर की खाता सख्यां 189 (नया) 175 (पुराना) के सर्वे नम्बर 2762, 2763, 2764, 2765 भूमि का सीमाज्ञान दोनो पक्षो को नोटिस जारी कर दोनो पक्षो की उपस्थिति में मुस्तिकील बिन्दुओं से दोनो पक्षकारों को अवगत कराते हुए सीमाज्ञान करने हेतू आदेशित किया जाकर पत्रावली फेसल शुमार कर दाखिल दफ्तर हो।

हनुमान सिंह राठौड
उपखण्ड अधिकारी
गढ़ी

उपखण्ड अधिकारी
गढ़ी

Signature Not Verified
Digitally signed by Hanuman Singh Rathore
Date: 2022.04.22 12:16:13 IST
Reason: SelfAttested

Scanned by CamScanner